>

Title: Need to take steps for industrial development of Sabarkantha Parliamentary Constituency.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मेरा संसदीय क्षेत्र साबरकांठा दलित एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। मेरे क्षेत्र की अधिकांश आबादी जीविकोपार्जन हेतु कृषि एवं पशुपालन पर निर्भर करती है। आजादी के 67 वर्षों में इस क्षेत्र में एक भी सरकारी उद्योग नहीं लगा है। हमारे क्षेत्र के बेराजगार युवाओं को रोजगार की तलाश में देश के विभिन्न महानगरों की ओर पलायन करना पड़ता है, जहां पर वे नारकीय जीवन जीने को विवश होते हैं। गांव के गांव खाली हो रहे हैं।

महोदय, आज तक यह क्षेत्र विकास की दृष्टि से वंचित है। कुछ निजी उद्योगों के अलावा आज तक यहां कोई भी सरकारी उपक्रम नहीं लगाया गया है। इस क्षेत्र में सड़क, पानी तथा बिजली जैसी आधारभूत सुविधाओं के अलावा मानव श्रम भी सस्ते दर पर उपलब्ध है, लेकिन इसके बावजूद इस क्षेत्र का औद्योगिक विकास न हो पाना विस्मयजनक है।

महोदय, इस संबंध में आपके माध्यम से मेरा सरकार से निवेदन है कि इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास हेतु तत्काल कदम उठाने की कृपा करें, ।